मुख्य विकास अधिकारी महोदया, मैनपुरी।

जनपद मैनपुरी में जल जीवन मिशन कार्यक्रमान्तर्गत (हर घर नल से जल योजना) पाइप पेयजल योजना निर्माण कार्य की प्रगति समीक्षा बैठक दिनांक 20.03.2026 को सुबह 12:30 बजे आपकी अध्यक्षता में आहूत हुई थी। जिसमें जल जीवन मिशन से सम्बन्धित समस्त संस्थाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया। आहूत की गयी बैठक का कार्यवृत्त दाहिनी ओर द्विपर्ण में संलग्न है। कृपया सहमति की दशा में हस्ताक्षर करना चाहें।

जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।	सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।	अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मैनपुरी।

letter-50290 (B)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

जल जीवन मिशन की समीक्षा हेतु दिनांक 20.03.2026 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

दिनांक 20.03.2026 को सुबह 12:30 बजे अद्योहस्ताक्षरी द्वारा जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भी प्रतिभाग किया गया–

1. इं0 अंकित, अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
2. इं0 सी0वी0 त्यागी, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
3. इं0 सूरजभान सिंह, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
4. इं0 विकास श्रीवास्तव, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
5. इं0 नगेन्द्र कुमार, सहायक अभियंता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।
6. इं0 योगेश कुमार, जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
7. इं0 सूर्याकान्त शाहू, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (फिचनर कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा0लि0), मैनपुरी।
8. इं0 श्रीनिवासउलू सिरजीरेड्डी, संयुक्त महाप्रबन्धक, एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

बैठक में उपस्थित अधिशासी अभियंता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया है कि जनपद में 55 नग पेयजल योजनाओं के समस्त कार्य पूर्ण (100 प्रतिशत प्रगति) किये जा चुके है। तथा 73 नग पेयजल योजनाओं (सूची संलग्न) की प्रगति 90 प्रतिशत से अधिक है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि उक्त 73 नग पेयजल योजनाओं में शेष कार्यो को उल्लेख करते हुए सूची तैयार कर अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे एवं समस्त सहायक अभियंता, अवर अभियंता, डी0पी0एम0यू0 व टी0पी0आई0 स्टाफ उक्त योजनाओं पर नियमित भ्रमण करते हुए माह–अप्रैल में समस्त 73 नग पेयजल योजनाओं के 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

सड़क पुर्नस्थापना/मरम्मत की प्रगतिः– डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि 408 नग राजस्व ग्रामों का सड़क पुर्नस्थापना का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण करा दिया गया है। अद्योहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियंता जल निगम(ग्रामीण), को निर्देशित किया गया कि अवशेष राजस्व ग्रामों को भी पूर्व की भॉति सड़क मरम्मत का का कार्य कराना सुनिश्चित करें।

डी0पी0एम0यू0:–अद्योहस्ताक्षरी द्वारा डिस्ट्रिक कोर्डिनेटर को निर्देशित किया गया कि आंवटित कार्यो को समयबद्व रूप से पूर्ण करेंगे, एवं समस्त सूचनाओं को डायरीबद्व करते हुए पूर्ण विवरण अपने पास संरक्षित रखेगे, तथा अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आहूत होने वाली समीक्षा बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

टी0पी0आई0:–अद्योहस्ताक्षरी द्वारा पूर्व समीक्षा बैठक में जिला परियोजना प्रबन्धक, थर्ड पार्टी इन्स्पेक्शन (टी0पी0आई0) को निर्देशित किया गया था कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत पाइप लाइन डालने हेतु काटी गई सड़कों का डोर टू डोर सर्वे कर सड़क मरम्मत की स्थिति से अधिशासी अभियंता को अवगत करायें जिससे शेष सड़क मरम्मत का कार्य शत–प्रतिशत सत्यापन कराया जा सके।

समस्त सम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि दिये गये उक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करना सुनिश्चित करें।

अनुमोदित

Digitally signed by NEHA BANDHU
Date: 08-04-2026 18:06:33

(नेहा बन्धु)
आई0ए0एस0
मुख्य विकास अधिकारी,
मैनपुरी।

अधिशासी अभियंता
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मैनपुरी।

कार्यालय अधिशासी अभियंता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), मैनपुरी।

पत्रांक– / / दिनांक–.

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(आगरा क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), आगरा।
3. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. जिलाधिकारी, मैनपुरी को सादर अवलोकनार्थ।
5. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, मैनपुरी।
6. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मैनपुरी।
7. संयुक्त महाप्रबन्धक, मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद।

अधिशासी अभियंता

letter-50290 (B)

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner